अनुरोध किया गया है कि अभिनिर्धारित यात्रा परिपथों के साथ-साथ पड़ने वाले केन्द्रों पर जिन-जिन आधारिक संरचना सम्बन्धी सुविधाओं का विकास किया जाना है उनके बारे में सूचित करें। केन्द्र, राज्य और प्राइवेट सेक्टरों में संसाधनों को एकत्र करते हुए कुरुक्षेत्र में सुविधाओं का विकास करने के लिए आगे कार्रवाई तभी की जायेगी जब यह सूचना प्राप्त हो जायेगी।

**Nominations Facilities to Pensioners**

825. SHRI R. K. MHALGI : Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government have taken a decision to extend "nomination facilities" to their pensioners who have their accounts in Banks ;

(b) if so. when and since when that decision is to come in force ; and

(c) if no such decision has been taken so far the reasons for delay ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI MAGANBHAI BAROT) : (a) to (c) : Government have under consideration a proposal to amend the Banking Regulation Act, 1949 to provide inter-alia, the nomination facilities in respect of the banks accounts holders. The amendment will be included in the Banking Laws Amendment Bill to be introduced in Parliament in due course.

**मध्य प्रदेश के पूर्वी भाग में स्थित सरकारी क्षेत्र के उद्यमों में स्थानीय लोगों का अनुपात**

826. श्री केयूर भूषण : क्या वित्त मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के पूर्वी भाग, जिले छत्तीसगढ़ के नाम से जाना जाता है, में स्थित सरकारी क्षेत्र के उद्योगों में ऐसे कर्मचारी कितने हैं जो 1200 रुपये से अधिक का वेतन पा रहे हैं; और

(ख) इनमें स्थानीय लोगों और बाहरी लोगों की संख्या और अनुपात क्या है ?

**वित्त मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री सवाई सिंह सिसोदिया) :** (क) और (ख) : सम्भवत. माननीय सदस्य मध्य प्रदेश के पूर्वी भाग, जिसे छत्तीसगढ़ से जाना जाता है, में स्थित सरकारी क्षेत्र के उद्यमों में सेवारत स्थानीय तथा बाहरी व्यक्तियों की संख्या और अनुपात तथा 1200 रुपये और उससे अधिक वेतन पाने वाले व्यक्तियों के बारे में जानकारी प्राप्त करना चाहते है। इस सन्दर्भ में यह बताना अप्रासंगिक न होगा कि सरकार की नीति के अनुरूप सरकारी उद्यमों में सेवारत कर्मचारियों के बारे में यह जानकारी एकत्र नहीं की जाती है कि कौन मूलत: किस राज्य का है, क्योंकि ऐसे आंकड़े एकत्र करना राष्ट्रीय एकता के हित में नहीं है।

इन बातों को देखते हुए यह महसूस किया जाता है कि लगभग 200 केन्द्रीय सरकारी उद्यमों से 1200 रुपये और उससे अधिक वेतन पाने वाले कर्मचारियों के बारे में जानकारी एकत्र करने से उतना लाभ नहीं होगा जितनी की मेहनत करनी पड़ेगी।

**रामपुरा अगुछा, राजस्थान में मिले जस्ते के भण्डार**

828. श्री अशोक गहलोत : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :